# राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुलतान हॉऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)
Website:- http://rajasthanparamedicalcouncil.org
Email id- rajasthanparamedicalcouncilgov@gmail.com

अति–आवश्यक / द्वारा ई–मेल

क्रमांकः रा.एस.ए.एच.सी. / परीक्षा / 2025 / 558 दिनांकः 15.07.2025

समस्त प्रधानाचार्य
पैरामेडिकल ( राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर)
संस्थान / कॉलेज
राजस्थान

**विषयः–** वर्ष 2024–25 में आयोजित करवाई गई परीक्षा में उत्तीर्ण एवं अनुउत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर कौंसिल, जयपुर के नाम से जारी मूल–अंकतालिका, प्रोविजनल एवं माइग्रेशन प्रमाण–पत्रो को संशोधित कर राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,**(परिवर्तित नाम–राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर)** जयपुर के नाम से पुनःजारी करने बाबत्

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कौसिल के पत्र क्रमांक 535 दिनाकं 20.06.2025 के द्वारा 2024–25 में आयोजित करवाई परीक्षाओं में उत्तीर्ण एवं अनुउत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर कौंसिल, जयपुर के नाम से मूल–अंकतालिका, प्रोविजनल एवं माइग्रेशन प्रमाण–पत्र वितरित किये गये थे, को आपके संस्थान / कॉलेज की ओर से भेजे गये विशेष वाहक (प्रतिनिधि) के द्वारा उपरोक्त सभी दस्तावेज मूल ही प्राप्त कर संशोधित मूल–अंकतालिका, प्रोविजनल एवं माइग्रेशन प्रमाण–पत्र कौसिल से प्राप्त करने हेतु आपको अवगत् करवाया गया था।

**इस हेतु आप द्वारा संग्रहित किये गयें मूल दस्तावेजों की सूचि कार्यालय में आने से तीन दिवस पूर्व ही Email (exam@rsahcouncil.org) पर सूचित करें तथा कौसिल कार्यालय में आने की दिनांक व समय से भी अवगत् करावें ताकी उपरोक्त दस्तावेजो को लेने और देने में कोई असुविधा ना हो**

अतः आपको निर्देश दिये जाते है कि वर्ष 2024–25 में आयोजित करवाई परीक्षा में उत्तीर्ण एवं अनुउत्तीर्ण की मूल–अंकतालिका, प्रोविजनल एवं माइग्रेशन प्रमाण–पत्र जो राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर कौंसिल जयपुर के नाम से थी, को कौसिल में जमा कराकर उसके स्थान पर राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, **(परिवर्तित नाम– राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर)** जयपुर के नाम से जारी संशोधित दस्तावेज प्राप्त करने हेतु आपके संस्थान / कॉलेज में कार्यरत प्रतिनिधि(संस्थान कि आइ.डी के साथ) भेजे साथ ही आपको यह भी निर्देश दिये जाते है की आप जिस भी प्रतिनिधि को भेजे उसे आपके द्वारा नामित (Authorise) किया जाकर संस्थान / कॉलेज में कार्य करने का परिचय–पत्र (ID Proof) भी आपके द्वारा जारी किया हुआ हों। उपरोक्त दस्तावेज कौसिल कार्यालय द्वारा दिनाक 21.07.2025 से वितरित किये जावेगे।

(उत्तम सिंह शेखावत)
आर. ए. एस
सचिव

क्रमांकः रा.एस.ए.एच.सी. / परीक्षा / 2025 / 558 दिनांकः 15.07.2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. परीक्षा नियत्रंक, राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हैल्थकेयर कौंसिल, जयपुर

सचिव